Postal Registration No KOTA/241/2021-23 | झालावाड़ | मंगलवार, 04 फरवरी, 2025 | वर्ष-12 | अंक-47 | पेज-8 | मुल्य-01.00

राजस्थान सरकार से विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त अखबार

सांध्य दैनिक

E-mail: divyaadhar.kota@gmail.com

सच्ची खबर दें। अच्छी खबर लें।

# दिव्य आधार

# धर्मांतरण विरोधी बिल राजस्थान विधानसभा में पेश।

## अब आदिवासी और मगरा क्षेत्र में नहीं हो सकेगा सामूहिक धर्म परिवर्तन। चंगाई और धन का लालच देकर करवाया जा रहा है धर्म परिवर्तन।

**दिव्य आधार.** 3 फरवरी को राजस्थान विधानसभा में धर्मांतरण विरोधी बिल पेश कर दिया गया। सत्तारूढ़ भाजपा का प्रयास है कि इस बिल को मौजूदा बजट सत्र में स्वीकृत करवा लिया जाए। विधानसभा में बिल पास होने के बाद राज्यपाल की सिफारिश पर राष्ट्रपति की मुहर लगेगी और तभी बिल के कानून प्रभावी होंगे। कानून प्रभावी होने के बाद राजस्थान के आदिवासी क्षेत्र बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ तथा अजमेर के मगरा क्षेत्र में सामूहिक धर्म परिवर्तन पर अंकुश लगेगा। सब जानते हैं कि आदिवासी क्षेत्रों में बीमारी ठीक करने के नाम पर ही धर्म परिवर्तन करवा दिया जाता है। साथ ही मगरा क्षेत्र में धन का लालच देकर धर्म परिवर्तन की शिकायत आम है। भाजपा के नेताओं ने ही आरोप लगाया है कि मगरा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश और बिहार से आए समुदाय विशेष के लोग धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। मगरा क्षेत्र में कुछ ऐसी जातियां है, जिनके लोग होली दीपावली पर्व के साथ साथ ईद भी मानते हैं। ऐसी जातियों के लोगों का धर्म परिवर्तन करना आसान होता है। यही वजह है कि मगरा क्षेत्र के अनेक गांवों का सामाजिक बदलाव ही हो गया है। धर्म परिवर्तन के बाद संबंधित लोग ज्यादा कट्टरपंथी हो जाते हैं। लेकिन बिल के मंजूर होने के बाद सामूहिक धर्म परिवर्तन पर नियंत्रण होगा। राजस्थान के संदर्भ में यह बिल बहुत महत्वपूर्ण है। प्रावधानों के अनुसार मर्जी से भी धर्म परिवर्तन करने वालों को 60 दिन पहले ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम और शहरी क्षेत्र में सिटी मजिस्ट्रेट को लिखित में जानकारी देनी होगी।

# रेल यात्री टिकट विंडों पर खुल्ले व कैश से बचने के लिए क्यूआर पेमेंट का उपयोग करें

### स्टेशनों पर चलाया गया डिजीटल पेमेंट जन जागरूकता अभियान

**दिव्य आधार. कोटा।** डिजीटल इंडिया को बढ़ावा एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले मशीन को लगाया गया है। पारदर्शी लेन-देन के लिए क्यूआर कोड बेस्ड ट्रांजेक्शन सरल एवं सुरक्षित होता है। साथ ही यात्रियों को कैश व खुल्ले पैसे रखने की समस्या से छुटकारा मिलता है। अतिरिक्त डिजीटल भुगतान की सुविधा के रूप में सभी आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट विंडो पर डिजीटल क्यूआर कोड डिस्प्ले मशीन लगाया गया है। यह सुविधा रेलवे टिकट काउंटरों पर कैश लेन-देन के अतिरिक्त सुविधा है। वर्तमान में देखा गया है कि अभी भी कुछ यात्री जानकारी के अभाव में क्यूआर कोड आधारित डिजीटल पेमेन्ट सुविधा का लाभ नहीं ले पा रहे है। वर्तमान में सभी स्टेशनों के अनारक्षित व आरक्षित टिकट विंडों पर डिजीटल क्यूआर कोड डिस्प्ले मशीन लगाया गया है। साथ ही यात्रियों की जानकारी के लिए टिकट विंडो पर डिजीटल पेमेंट की सुविधा उपलब्ध होने की सूचना नोटिस को भी लगाया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने अपील की है कि सभी रेल यात्री टिकट विंडो पर उपलब्ध क्यूआर कोड डिस्प्ले मशीन से डिजीटल पेमेंट को प्राथमिकता के साथ उपयोग कर इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ लें।



# "सीएचसी खानपुर में हुई वर्ष की पहली सीजेरियन प्रसव"

### सीएचसी पर भी मिलने लगी सीजेरियन प्रसव की सुविधा



**दिव्य आधार. झालावाड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खानपुर में लम्बे समय से सीजेरियन प्रसव की सुविधा की दरकार थी। जिसके लिय खानपुर क्षेत्र की जनता द्वारा जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान को कई बार अवगत करवाया गया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को पाबन्द किया गया था कि जिले की हर सीएचसी पर सीजेरियन प्रसव व पीएचसी पर सामान्य प्रसव करवाना आरम्भ करे। सीएचसी खानपुर में आज आशा पत्नी संजय उम्र 28 वर्ष की वहॉं उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा वर्ष का पहला सीजेरियन प्रसव करवाया गया। विशेषज्ञ टीम में सर्जन डॉ. नरेन्द्र स्वामी, द्विशु रोग विशेषज्ञ डॉ. डी.जी.मिश्रा, झालावाड़ से ऑन कॉल निश्चेतक डॉ. मुकेश बंसल, नर्सिंग टीम में रेणु नागर, ओमप्रकाश खटीक का विशेष सहयोग रहा। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. डी.जी. मिश्रा ने बताया कि सीएचसी पर सीजेरियन प्रसव करवाने की सभी सुविधायें उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिला कलक्टर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों को सख्त निर्देश दिये गये थे की सभी जिले की सभी सीएचसी पर सीजेरियन प्रसव करवाना आरम्भ करवायें ताकि वहॉं की जनता को दूर दराज जाकर परेशानी का सामना नही करना पड़े।

**NAME CHANGE**

I GAURAV KUMAR S/O GYAN CHAND JAIN RESIDANT OF RAIPUR DIST JHALAWAR RAJASTHAN I HAVE CHANGED MY SON NAME BHAHLYA TO BAHULYA JAIN SO HE WOULD BE RECOGNISED BY HIS NEW NAME BAHULYA JAIN WITH IMMEDIATE EFFECTFROM :- BAHULYA JAIN S/O GAURAV KUMAR HAT CHOWK MAIN BAZAR RAIPUR DIST JHALAWAR RAJASTHAN,326036

# सरपंच ग्रामीण विकास की मुख्य धुरी- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**दिव्य आधार. जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान सरपंच संघ द्वारा आयोजित पंचायती राज सशक्तिकरण एवं अभिनंदन समारोह में बोलते हुए कहा कि सरपंच ग्रामीण विकास की मुख्य धुरी है वह गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की हर योजना को पहुंचकर इसका लाभ दिला सकता है। उन्होंने आगे कहा कि पिछला पंचायत राज का चुनाव कई चरणों में होने के कारण हमने राज्य में वन स्टेट वन इलेक्शन लागू करने का फैसला लिया इसमें एक साथ पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं हो सकते थे इस कारण हमने लोकतंत्र मूल भावना को समझते हुए वर्तमान सरपंचों को ही प्रशासक लगाने का फैसला लिया अब आप लोगों की जिम्मेदारी है कि आपको जो समय मिला है उसमें आप ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं और उनका लाभ दिलाए। इस अवसर पर शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है स्वच्छ भारत उसको ध्यान में रखते हुए हमने गांव में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चले इसके लिए पहली बार राज्य में सफाई की बीएसआर बनाई गई है।

# छात्र को कुचलने वाला अज्ञात वाहन का पता नही चला

**दिव्य आधार. कोटा।** भीमगंजमंडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक कोचिंग छात्र की मौत हो गई। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया। अज्ञात वाहन का अभी तक पता नही चला।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के मैनपुरी के निवासी अर्चित (17) पुत्र दलबीर सिंह यादव सामान लेने के लिए बाइक पर अपने पिता के साथ स्टेशन इलाके के मार्केट में आया था। यहां उसके पिता सड़क किनारे बाइक खड़ी कर कुछ दूरी पर टॉयलेट करने चले गए थे, इसलिए अर्चित बाइक के पास खड़ा हो उनका इंतजार कर रहा था। तभी वहां से गुजरी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इसे अपनी चपेट में लेते हुए कुचल दिया। इससे हुई तेज आवाज सुनकर पिता दलबीर सिंह दौड़ते हुए से मौके पर पहुंचे। यहां उनका बेटा बुरी तरह घायल पड़ा हुआ था। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एएसआई साबूलाल के अनुसार अर्चित के शव का पोस्टमॉर्टम करवा के परिजनों को सौंप दिया गया है। वह यहां रह कर आईआईटी की तैयारी कर रहा था। अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है।

# सुंदरकांड और गीता के 18 अध्यायों के बाद अब संपूर्ण रामायण का संगीतमय गायन।

**संभवत: देश में पहली बार। धर्मपरायण मोहनलाल खंडेलवाल की पहल। संगीत साधना केंद्र का सहयोग।**

**एस पी मित्तल**

**दिव्य आधार.** 3 फरवरी को आयोजित एक समारोह में रामचरित मानस के प्रथम बाल कांड का वीडियो यूट्यूब पर पोस्ट किया गया। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र मित्तल ने बताया कि धर्मपरायण मोहनलाल खंडेलवाल ने रामचरित मानस के 80 एपिसोड बनाने का संकल्प लिया है। खास बात यह है कि खंडेलवाल ने रामायण के सभी श्लोक का हिंदी में अनुवाद किया है। जब खंडेलवाल गा रहे होंगे तब संबंधित पंक्ति का चित्र और संगीत की धुन भी दिखाई और सुनी जा सकेगी। संभवतः यह पहला अवसर है जब रामायण के श्लोकों का हिंदी में गायन किया जा रहा है। इससे पहले खंडेलवाल ने सुंदर कांड और भगवत गीता के 18 अध्यायों का हिंदी में गायन किया है। समारोह में खंडेलवाल ने बताया कि घर घर सनातन अभियान में उन्हें रामगोपाल वर्मा का भी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि रामायण के 80 एपिसोड को तैयार करने में आर्थिक सहयोग भी मिल रहा है। समाजसेवी सुनील दत्त जैन ने चार एपिसोड और रमेश तापड़िया ने दो एपिसोड का खर्चा वहन करने की घोषणा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अजयमेरु के संघचालक खाजूलाल चौहान, सीए अजीत अग्रवाल, श्याम बिहारी, मनीष खंडेलवाल, मदनलाल आदि ने भी एपीसोड में सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस उपलब्धि पर मोबाइल नंबर 9352008347 पर मोहन खंडेलवाल को बधाई दी जा सकती है। खंडेलवाल के पहले एपिसोड को इस लिंक https://youtu.be/K9i0YtlpYqU?si=lJoKN0nwsqClytnv से देखा जा सकता है।

**संगीत साधना केंद्र का सहयोग:** रामायण के हिंदी अनुवाद वाले संगीतमय एपीसोड को तैयार करने में संगीत साधना केंद्र अजमेर का भी सहयोग है। केंद्र के संचालक रजनीश रोहिल्ला ने बताया कि घर-घर सनातन अभियान को सफल बनाने के लिए ही वे अपने केंद्र के माध्यम से सहयोग दे रहे हैं। उनके केंद्र का उद्देश्य युवा पीढ़ी को धर्म और संगीत की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि अजमेर के कोटड़ा स्थित ज्ञान विहार कॉलोनी के मुख्य गेट के सामने केशव टावर की तीसरी मंजिल पर स्टूडियो बना है। इस स्टूडियो में कोई भी कला प्रेमी आकर अपनी कला का वीडियो तैयार करवा सकता है।

# मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण करवाना उद्देश्य

## मिल्लत चैरिटेबल की सभा जोहराना मेंशन दादाबाड़ी पर मोहम्मद मियां की अध्यक्षता में हुई



**दिव्य आधार. कोटा।** मिल्लत चैरिटेबल की सभा जोहराना मेंशन दादाबाड़ी पर मोहम्मद मियां की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी हयात खान ने बताया कि तिलावत ए कुरान से सभा की शुरूआत हुई। नव निर्वाचित अध्यक्ष खलील अहमद कुरैशी ने सभी ट्रस्टी हजरात का चेयरमैन बनाए जाने पर सभी का अभिवादन किया।

महासचिव ने भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले 2 वर्षों से एमसीटी क्लिनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, विज्ञान नगर, कोटा सफलतापूर्वक काम कर रहा है। इसमें रियायती दरों पर इलाज, सभी प्रकार की जांचें, दवाइयां, सोनोग्राफी, अस्थमा केयर सेंटर, साइक्रेटिक डॉक्टर की सेवाएं, बच्चों के डॉक्टर की सेवाएं, जनरल फिजिशियन, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आदि की सुविधाएं नियमित रूप से दी जा रही है। गरीब और कमजोर वर्ग को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है।

ट्रस्ट के चेयरमेन खलील अहमद कुरैशी बताया कि ट्रस्ट का मूल उद्देश्य कोटा शहर में एक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण करना है। इसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बहुत जल्द इसे साकार करने का भरोसा दिलाया ।ट्रस्ट के क्लिनिक प्रभारी जाकिर आसफी ने हॉस्पिटल की भावी जरूरतों ओर वर्तमान में दी जाने वाली सुविधाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

**33 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन :** इस अवसर पर ट्रस्ट के सरपरस्त मोहम्मद मियां, गफ्फार मिर्जा, हाजी हनीफ, अजीज अंसारी, निर्वाचित अध्यक्ष, सेक्रेट्री और खजांची ने मिलकर 33 लोगों की नई कार्यकारिणी के गठन का ऐलान किया। इसमें, जॉइंट सेक्रेटरी जाकिर आसफी, लईक अहमद, वाइस चेयरमैन सलीम अब्बासी, मुख़्तार अंसारी, सह कैशियर मिर्जा नफीस बैग, प्रेस प्रवक्ता असलम रोमी, लीगल एडवाइजर एडवोकेट साबिर हुसैन, सालाउद्दीन सिद्दीकी व फजलू रहमान वहीं मेडिकल एडवाइजर डॉ. एनडी पठान व डॉक्टर रईस को बनाया गया।



## कोटा स्टेशन पर कार्यरत 61 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**दिव्य आधार. कोटा।** विश्व कैंसर दिवस के अंतर्गत दिनांक 04 जनवरी को कोटा रेलवे स्टेशन पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुपर्णा सेन रॉय के मार्गदर्शन में अनुबंध पर कार्यरत स्टाफ हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 61 कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जाँच कर उचित चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ ललित ने कैंसर के प्रारम्भिक लक्षणों को पहचानने, उनके कारण, उनके बचाव एवं निदान पर प्रकाश डाला एवं इस वर्ष कि थीन यूनाइटेड बाय यूनिक पर बोलते हुए बताया कि इस थीम का उद्देश्य लोगो को ये बताना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं लोगों के साथ से जीतने वाली लड़ाई है जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। स्टेशन डायरेक्टर एन के मीना ने सबको धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया की हेल्दी लाईफ स्टाईल अपनाकर ही कैंसर को हराया जा सकता।


### कार्यालय अधिशाषीअभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड-अकलेरा

Email :-pwdaklera@rediffmail.com

क्रमांकः 1570 दिनांकः 27.01.2025

**ई -निविदा सूचना संख्याः 13/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए , बी , सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई -टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org & http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://www.pwd.rajasthan.gov.in रजिस्टर कराना आवश्यक है। निविदा डाउनलोड करने की तारीख 03.02.2025 से 10.02.2025 तक साय 6.00 बजे तक। आन लाईन निविदा जमा कराने की तिथि 10.02.2025 को साय 6:00 बजे तक रहेगी। वेब साइट पर बिड दिनांक 12.02.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे पर कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खण्ड अकलेरा में खोली जावेगी।

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB14216 | 2 | PWD2425WSOB14217 |
| 3 | PWD2425WSOB14219 | 4 | PWD2425WSOB14220 |
| 5 | PWD2425WSOB14221 | | |
| 6 | PWD2425WSOB14222 | | |

DIPR/C/1247/2025

डी.एस. मीणा
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड अकलेरा


## सोरायसिस, त्वचा रोगों और एलर्जी में विशेष असरकारक है क्लासिकल होम्योपैथी।

**दिव्य आधार.** क्लासिकल होम्योपैथी की अंतर्राष्ट्रीय परिषद् द्वारा विश्व भर में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत लायंस क्लब टेक्नो, मां भारती पी जी कॉलेज के संयुक्त सहयोग से महावीर नगर द्वितीय में उत्कर्ष होम्योपैथिक क्लीनिक एंड रिसर्च सेंटर पर सात दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर और कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ उदय मणि ने बताया कि शिविर के पहले दो दिनों में कोटा के साथ साथ गुना, झालावाड़, बारां बूंदी आदि के सोरायसिस और क्रोनिक त्वचा रोगों जैसे गंजापन, एक्जिमा, सफेद दाग के साथ ही सभी तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं जैसे मैमोरो व कंसंट्रेशन में कमी, डिप्रेशन, शीजोफ्रेनिया आदि के करीब 153 रोगियों की कम्प्यूटर द्वारा जांच कर अत्याधुनिक सोफ्टवेयरों की सहायता से निशुल्क चिकित्सा की गयी। ड़ॉ मणि के अनुसार यदि रोगी के मन, विचारों, और मानसिक लक्षणों का विस्तृत अध्ययन कर, क्लासिकल होम्योपैथी के सिद्धांतों पर, आधुनिक सॉफ्टवेयरों की सहायता से चिकित्सा की जाए तो सोरायसिस, एक्जीमा, एलर्जी (सभी तरह की), माइग्रेन, गठिया, थायराइड, गंजापन, सफेद दाग, पथरी और डिप्रेशन, याददाश्त में कमी, नींद असंतुलन, शीजोफ्रेनिआ, ओ.सी.डी. जैसी क्रोनिक बीमारियों के साथ ही खांसी, जुकाम, बुखार, उलटी, पेट दर्द, एवं चिकन पॉक्स, स्वाइन फ़्लू, डेंगू आदि जैसी मौसमी बीमारियों को भी बहुत ही कम समय में जड़ से ठीक किया जा सकता है।

## संभागीय आयुक्त ने कार्यभार ग्रहण किया

### कोटा को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा-संभागीय आयुक्त



**दिव्य आधार. कोटा।** कोटा के नए संभागीय आयुक्त श्री राजेन्द्र सिंह शेखावत सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। संभागीय आयुक्त के साथ ही कोटा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष का कार्यभार भी उन्होंने संभाला।

कार्यभार ग्रहण के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने कोटा संभाग को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा कोटा को शिक्षा नगरी के रूप में मिली पहचान को कायम रखने के लिए जरूरी कदम उठाने के बारे में अपना विजन रखा। उन्होंने कहा कि कोटा में राईजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू को धरातल पर लाने एवं निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने सिचिंत क्षेत्र विकास के तहत प्रगतिरत परियोजनाओं को समय पर पूरा करने एवं आगे के लिए कार्य योजना तैयार करने की बात कही। साथ ही, कोटा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में केडीए में संसाधन बढाने के प्रयास करने, लैंड बैंक विकसित करने की संभावना तलाशने एवं नई योजनाएं बनाने पर जोर दिया।

## यंग इंडिया के बोल अभियान के तहत बैठक



**दिव्य आधार.** अकलेरा मनोहरथाना युवा कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक ग्राम पंचायत लहास मे आयोजित की गयी।

बैठक मे 'यंग इंडिया के बोल सीजन-5 नौकरी दो नशा नही' अभियान के माध्यम से वक्ताओं ने अपनी बात रखी।

बैठक मे मुख्याथिति कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नेमीचन्द मीणा जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस झालावाड, विधानसभा प्रभारी मुकेश माली रहे अध्यक्षता कर रहे युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दुगार्शंकर मीणा कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष नेमीचन्द मीणा ने कहा कि यंग इंडिया बोल के माध्यम से सभी युवाओं को टेलेंट क्षमता स्थापित करने व प्रतिभागी बनने का अवसर प्रदान किया जा रहा व आपका भविष्य चुनने की योग्यता को प्रमाणित करने की मुहिम चलाई है। टेलेंटेड युवाओं के मनोवैज्ञानिक विचारों की आवाज को उच्चस्तरीय मंच पर प्रकट करने का मौका दिया जा रहा है। बैठक में यंग इंडिया बोल के पोस्टर का विमोचन किया।

कार्यक्रम मे पूर्व नगरपालिका चेयरमैन बालकिशन यादव, खानपुर ओ बी सी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल सुमन, पार्षद व छबड़ा प्रभारी नासीर पठान, पार्षद श्रीराम नागर, प्रदेश महासचिव यूथ कांग्रेस व जनपद कमलेश खंगरावत, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनोहरथाना आशिक अली, गोविन्द टेलर जिला प्रवक्ता युवा, ब्लॉक मीडिया प्रभारी यश सुमन, जमनालाल मीणा, इंद्रसिंह तंवर, रोहित खान, फिरोज खान, रायसिंह मीणा, हेमंत शर्मा, युवा नेता सुरेन्द्र राठी, विधानसभा उपाध्यक्ष हरीश्याम मीणा, राकेश मीणा, दिलखुश मीणा, पियूष मीणा, बंटी वर्मा आशिक खान, बलराम, अनीश, मोनू मुराद, सद्दाम खान, नवीन नगर, जुगल, चैनसिंह, सादिक, शाहिद कोमल मीणा, कोमल वैष्णव, आनंद जुगराज, ओमप्रकाश काछी, हेमंत शर्मा, नरसिंह गुर्जर, मनोज, हरि, साजिद खान, राम, दिलीप, महेंद्र वर्मा, शुभम, सुरेश सुरेंद्र, त्रिलोक आदि सेकड़ो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**CAD सर्किल के पास कोटा**

फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइटः lsg.rajasthan.gov.in/uitkota/#home/dpthome

एफ 11/नीलामी/2025/2070 दिनांकः- 03/02/2025

**ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर**

प्राधिकरण द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से विनोबा भावे नगर योजना मे स्कूल हेतु भूखण्ड संख्या-06 कॉर्नर को नीलाम किया जा रहा है। यह भूखण्ड न्यास की विकसित योजनाओं यथा गणेश नगर, आरोग्य नगर के मध्य एवं मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 25.02.2025 प्रातः 11.00 बजे से हो रहा है एवं यह दिनांक 28.02.2025 को दोपहर 2:00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वतः बोली विस्तार नही होने की स्थिति में) नियम/शर्ते एवं अन्य जानकारी lsg.rajasthan.gov.in/uitkota/#home/dpthome एवं udhonline.rajasthan.gov.in/ कार्यालय समय में न्यास में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/(Helpline For Online Support-01412560211 पर सम्पर्क करें।

**ई-ऑक्शन के माध्यम से प्राधिकरण की विनोबा भावे नगर योजना मे स्कूल हेतु भूखण्ड संख्या-06 कॉर्नर का क्षेत्रफल (4309 वर्गमीटर)**




प्रारम्भिक नीलामी दरः-12000/-प्र.व.मी

आरक्षित दरः-7500/-प्र.व.मी.

धरोहर राशिः-1034500/-

निदेशक वित्त
कोटा विकास प्राधिकरण कोटा


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक : संजय बापना के लिए वेल्यू एडिशन ऑफसेट, रीको रोड नं. 05, एस 32 गोबरिया बावड़ी सर्किल, कोटा से मुद्रित व 11, राजपूत हॉस्टल, झालावाड़ से प्रकाशित, संपादकः संजय बापना मो. 9672869320, प्रभारी आदित्य बापना, झालावाड़ टेलीफोन : 07432230393 आरएनआई नं. RAJHIN/2013/60307, पो.र.नं. KOTA/241/2021-23

# दिव्य आधार

कोटा ऑफिस टेलिफोन नं. 0744-2420734

सच्ची खबर दे, अच्छी खबर ले




# विधानसभा सत्र : मनोहरथाना विधायक ने पानी सिंचाई का उठाया मामला

इस्लाम अहमद

**दिव्य आधार.** अकलेरा मनोहर थाना विधायक गोविन्द रानीपुरिया ने विधानभा सत्र के दौरान विधानसभा में अपने क्षेत्र की पीने के पानी की समस्या की स्थिति को सदन के पटल पर रखा और उसके अस्थाई समाधान के लिए सरकार से मांग की। क्षेत्र में लगातार भू जल स्तर गिरने व पानी की समस्या के चलते ग्रामीणों के क्षेत्र से पलायन करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना की भौगोलिक स्थिति उबड़-खाबड़ एवं पठारी क्षेत्र में बसी हुई है। जिसके कारण किसानों को पेयजल एवं सिंचाई संबंधी समसयाओ का सामना करना पड रहा है। उन्होंने सदन को अवगत करवाया है कि जल है तो कल है जल ही जीवन है। जब गरीब किसानों को पीने का स्वच्छ पानी ओर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं मिलेगा तो स्वत ही आर्थिक स्थिति में पिछड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने सोमवार को विधानसभा में मुद्दा रखा



विधानसभा में प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव के विषय पर चर्चा के दौरान कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना में पलायन का मुख्य कारण भी सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं होना है। संसाधनों के अभाव में किसानों की अन्य स्त्रोतों द्वारा आय नहीं होना ही इसका मुख्य कारण है। विधायक ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना के करीबन 300 गांव व ढाणियों पहाड़ी क्षेत्र में बसी हुई है। जिनका सर्वे भी हो चुका है लेकिन पिछली राज्य सरकार द्वारा विशेष पैकेज नही देने के कारण कार्य रुका पड़ा है क्षेत्र में निवास करने वाली जातियों भील मीना तंवर गुर्जर बंजारा लोधा व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगो को विशेष पैकेज दिलाकर उनकी मांग पूरी हो सकती है। उनके लिए मैंने पूर्व में भी सदन को काफी बार अवगत करवाया है। विधानसभा क्षेत्र में माइक्रो डेम मिनी एवं पेयजल व कृषि विभाग के द्वारा कृषि संबंधी उपकरण जैसे फव्वारा सिंचाई तारबंदी पाईपलाईन पर विशेष ध्यान देकर क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सकता है।

**इन गांवों में पानी की समस्या :** विधानसभा क्षेत्र के मनोहरथाना अकलेरा असनावर क्षेत्र में अगले माह से ही पानी का संकट सामने आने वाला है इनमे मनोहर थाना के यह गांव कोटडा कांगला, बरूबेह गुजरान, दमदार, टकलोन, खेरखेडा, सेमलाबेह, टाण्डी, पृथ्वीपुरा, टोलखेडाधनवास, मवासा, चंदीपुर, पाडलिया, शोरती, अर्जुनपुरा, पछेटा, रामपुरिया, रवास्या, बामलाबेह टोडरा, भोजपुर, तलाईबेह घोडाखेडा, गणेशपुरा दडावत व असनावर क्षेत्र के बाडिया गोरधनपुरा, महेनदी सालकी डूगरी खेडागहूपूरा, सेमली माला टोडा तथा अकलेरा में बोरबंद बरेडीकला, रामभालती, भीलभालती, होडा उपसली, महुआखेड़ा, खेरदन्ता में हर साल पानी की समस्या आती है।

''विधानसभा क्षेत्र मनोहर थाना में सिंचाई एवं पीने के पानी की समस्या के कारण हजारों परिवारों को हर वर्ष पलायन कर रोजगार की तलाश में अन्य क्षेत्र में जाना पड़ता है। इसलिए आज इस समस्या को लेकर विधानसभा के माध्यम से सदन के पटल पर इस मुद्दे को उठाया है।

**-गोविंद रानीपुरिया,** विधायक मनोहरथाना

## नवदंपत्ति की अनूठी और प्रेरक पहल

### विवाहोत्सव के तुरंत बाद नव दंपति ने लगाए 25 पौधे



**दिव्य आधार. कोटा।** स्वामी विवेकानंद विचार संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज गुप्ता के पुत्र उत्कर्ष व वधु मानसी का विवाह वसंत पंचमी पर संपन्न हुआ। नवदंपत्ति ने कर्णेश्वर योजना में ओम ग्रीन मीडोज मल्टी स्टोरी के पास में सभी परिवार जनों की उपस्थिति में पौधे रोपकर शादी को यादगार बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। नवदंपत्ति के इस अनूठे अंदाज में पर्यावरण संदेश देने की पहल की सभी ने सराहना की। इस दौरान बड़, पीपल, आम, अशोक, बिल्वपत्र, आंवला, कल्पवृक्ष के धार्मिक महत्व के साथ-साथ अन्य छाया व फलदार वृक्ष लगाए। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गिरिराज गुप्ता ने बताया कि आजकल लगातार घट रही वृक्षों की संख्या और कम होते जंगल से पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा है, लाखों वन्य जीवों की मौत हो रही है, इन सबसे बचने के लिए हमें हर संस्कारों के उपलक्ष में पौधारोपण करना चाहिए, जिससे वृक्षों के प्रति हमारा भावनात्मक लगाव हो सके।

## हार्टवाइज वॉक-ओ-रन हेल्थ किट लॉंच, हेल्थ कार्निवल 7 फरवरी से



**दिव्य आधार. कोटा।** हार्टवाइज सोसायटी की ओर से कोटा में 7 से 9 फरवरी को होने जा रहे देश के सबसे बड़े हेल्थ इवेंट सेहत के महाकुंभ वॉक-ओ-रन की किट लॉंचिंग सोमवार को पुरुषार्थ भवन में की गई। इस अवसर पर टीम हार्टवाइज और इवेंट के प्रायोजक मौजूद रहे। हार्टवाइज एलन वॉक-ओ-रन पावर्ड बाय हरमीत हुडंई है।

टीम हार्टवाइज के संयोजक डॉ. साकेत गोयल ने बताया कि वॉकह्य-ओ-रन के लिए शहर ही नहीं वरन देशवासियों में उत्साह देखने को मिला है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है, जो धायक कोटा नहीं आ पा रहे हैं, उन्होंने वर्चुअल वॉक-ओ-रन में रजिस्ट्रेशन करवाया है। वॉक-ओ-रन और हेल्थ कार्निवल में एंट्री निशुल्क है। हेल्थ कार्निवल 7 व 8 फरवरी को उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा में होगा। 9 फरवरी को 21 किमी रन सुबह 5.30 बजे शुरू होगी। इसके बाद 10 किमी और फिर कोटा केयर्स रन होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे।

## केंट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड ने सेबी के पास दायर किया डीडीआरएचपी

**दिव्य आधार. कोटा।** केंट आर ओ सिस्टम्स लिमिटेड कंपनी ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना डीआरएचपी दाखिल किया है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक के जरिये इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के माध्यम से पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। ब्रांड केंट भारत में वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में आरओ तकनीक शुरू करने में अग्रणी के रूप में पहचाना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में अपनी उत्पाद रेंज का विस्तार किया है। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन 'उमंग' मुक्ताकाशः कला, संस्कृति और प्रतियोगिताओं का संगम

**दिव्य आधार. कोटा।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बसंत विहार, कोटा द्वारा आयोजित 'उमंग' मुक्ताकाश सत्र 2025 का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा के निर्देशन में एवं अलंक विद्यालय एसोसिएशन की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन की अध्यक्षता में हुआ। यह तीन दिवसीय उत्सव कला, संस्कृति और सृजनात्मकता को समर्पित था, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



**रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ :** पहले दिन आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमिका विजय और प्रियल मेहरा (बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान वीरेंद्र और सीमा रावत (बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान वंशिका पारेता और हिमांशी आर्या (बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया। सेमी क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में प्रियल कारपेंटर (बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष) प्रथम स्थान पर रहीं, महक पचेरिया (बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान पर तथा अहिंसा गोस्वामी (बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहीं।

## लायंस क्लब कोटा द्वारा कपड़े के थैलों का वितरण



**दिव्य आधार. कोटा।** लायंस क्लब कोटा, प्रांत 3233 ए-2 द्वारा सेवा गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया। अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया कि लायंस भवन के बाहर मुख्य सड़क पर लगे ठेलों के पास करीब 200 कपड़े के थैले वितरित किए गए।

सचिव वीरेन्द्र विजय ने बताया कि इस सेवा कार्य में लायन जे. पी. गुप्ता, विनोद अजवानी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। क्लब के अध्यक्ष लायन प्रमोद विजय ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा, 'लायंस क्लब हमेशा समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित रहा है। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए कपड़े के थैलों का वितरण एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। हमें यह प्रयास जारी रखना चाहिए ताकि हमारा शहर स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बन सके।' सचिव वीरेन्द्र विजय ने नागरिकों से अपील की कि वे प्लास्टिक का उपयोग कम करें और अधिक से अधिक कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग करें।

# माँ दधिमती का प्राकट्य महोत्सव

**दिव्य आधार. कोटा।** दाधीच समाज, कोटा ने श्री महर्षि दधीचि छात्रावास प्रांगण स्थित माँ दधिमती मंदिर में माँ दधिमती का प्राकट्य महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया। अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने बताया कि प्रातः 9 बजे वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ माँ दधिमती का पूजन एवं दुग्ध अभिषेक किया गया। इसके पश्चात भजन संकीर्तन एवं माँ दधिमती का मंगल पाठ हुआ। इस दौरान दाधीच महिला मंडल द्वारा संगीतमय मांगलिक पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धा भाव से महिलाओं ने माँ दधिमती को चूनरी ओढ़ाई।



दाधीच समाज के अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने अपने उद्बोधन में बताया कि माँ दधिमती का कपाल गोठ मांगलोद, नागौर में प्रकट हुआ था। उसी विग्रह का प्राकट्य महोत्सव समाज के सभी सदस्यों को एकता, सेवा और समर्पण की भावना से मनाया।

महामंत्री निमेष पुरोहित ने बताया कि इस आयोजन में दाधीच महिला मंडल ने सक्रिय भूमिका निभाई और संगीतमय मांगलिक पाठ का संयोजन किया। इसके पश्चात भोग आरती एवं भोग लगाकर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

इस पावन अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य सदस्य एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रामकल्याण दाधीच, नागेश दाधीच, नरेंद्र मोहन दाधीच, राजेश दाधीच,स्मिता शर्मा, अंबिका शर्मा अमित दाधीच (कोयला), एडवोकेट रामेश्वर दयाल दाधीच, अंकुर शर्मा, रोशन शर्मा आदि हवन व पूजन में उपस्थित रहे। दाधीच युवा मंडल के अध्यक्ष कमल दाधीच के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# दी कोटा को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि. की बोर्ड बैठक सम्पन्न

### बोर्ड बैठक में सहकारिता विकास पर हुई चर्चा
### फल–सब्जी मंडी में खुलेगा नया सरस पार्लर – राठौड़
### कृषको ऑरगेनिक फॉर्मिंग करने के लिए प्रोत्साहित करेगी सोसायटी –राठौड़



**दिव्य आधार. कोटा।** दी कोटा को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लि., कोटा की बोर्ड बैठक संस्था अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में वर्षभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। राठौड़ ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से सहकारिता विभाग और सहकारी संस्थाओं की सकारात्मक छवि जनमानस में स्थापित की जानी चाहिए।

बैठक में चैन सिंह राठौड़ अध्यक्ष, कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., कोटा, उपाध्यक्ष चेतन कुमार मालव, राजेश कुमार मीणा, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ कोटा, संचालक भंवर सिंह, राकेश कुमार नागर, श्रीकृष्ण मालव, संदीप नंदवाना, रूप कंवर, प्रेमशंकर मेघवाल, मनीष कुमार सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**संस्था के विकास हेतु महत्वपूर्ण निर्णय :** संस्था अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़ ने घोषणा की कि फल-सब्जी मंडी स्थित 2-बी दुकान पर सरस पार्लर का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे आमजन को सरस डेयरी के उत्पाद डिस्ट्रीब्यूटर दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा, गैस एजेंसी के समीप स्थित खाली भूखंड पर नियमानुसार दुकानों का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। राठौड़ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत सोसायटी में हर माह सहकारिता से संबंधित भव्य आयोजन होंगे। पैक्स विहिन ग्राम पंचायतों में पैक्स का गठन, निष्क्रिय समितियों को पुन क्रियाशील बनाना, विशिष्ट उत्पादो की पहचान कर उन्हे बाजार उपलब्ध करवाना, जुलाई माह में अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस का आयोजन, कृषको ऑरगेनिक फॉर्मिंग करने के लिए प्रोत्साहित करना व ग्रामीण स्तर सहकारिता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

**किसानों के हित में कार्य करने का आह्वान :** संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., कोटा चैन सिंह राठौड़ ने संस्था के सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह संस्था किसानों के हित में सदैव कार्यरत रहेगी। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिया कि समय-समय पर किसानों के हित में बोर्ड बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक लाभकारी योजनाएँ लागू की जाएं।

बैठक में डिजिटल कोऑपरेटिव पर भी चर्चा हुई, जिसमें महाप्रबंधक मृगांक सिंह ने बताया कि सहकारिता का मुख्य उद्देश्य कमजोर वर्ग, किसानों, शिल्पकारों, महिलाओं और युवाओं को सहकारिता के माध्यम से रोजगार से जोड़कर विकास सुनिश्चित करना है।

## आपके बाद अपनी संपत्ति को सुरक्षित हाथों में कैसे रखें...



**दिव्य आधार.** झालावाड़ रोड स्थित इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया (आई.ई.आई.) कोटा लोकल सेंटर में वरिष्ठजन कल्याण समिति कोटा (वी.के.एस.) ने एक रोचक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय समाज में सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण था - विषय - 'अपने बाद अपनी संपत्ति को सुरक्षित हाथों में कैसे रखें।' डॉ. डी.के. जैन (सै.-आई.ई.आई.) ने बताया कि व्याख्यान प्रमुख वक्ता डॉ. अरुण शर्मा, (पूर्व) एच.ओ.डी. गवर्मेंट कॉलेज ऑफ कोटा, द्वारा दिया गया एवं मुख्य अतिथि (पूर्व) जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री गजेन्द्र कुमार गौड़ थे। उपस्थित लोगों में श्री चंद्र कांत सिंह परमार (अध्यक्ष- वी.के.एस.), श्री रमा कांत शर्मा (सै.- वी.के.एस.) और लगभग 35 इंजीनियर और समिति के सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम के संयोजक श्री एस.के. अग्रवाल (समिति के प्रचार प्रसार सचिव) ने बताया कि व्याख्यान में डॉ अरुण शर्मा ने हमारी 'वसीयत' तैयार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया जैसे - इसे कम उम्र (40-50 वर्ष) में लिखा जाना चाहिए, वसीयत पर सभी कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा स्वीकृति लिखित रूप में होनी चाहिए।

## राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए सहयोग राशि भेंट



**दिव्य आधार. कोटा।** भाजपा के नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश महावर और वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण महावर ने राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए 5100-5100 रुपए की सहयोग राशि भेंट की। इस अवसर पर आदर्श महात्मा बुद्ध कोली उत्थान समिति एवं राधा कृष्ण मंदिर कोली समाज, टीचर्स कॉलोनी, केशवपुरा द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। समारोह में समिति अध्यक्ष जितेंद्र जेथल, महामंत्री राम गोपाल वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश महावर सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति सदस्य बृजमोहन महावर, रामचंद्र महावर, हरीश चेता, एल. राजकुमार महावर, मुरारी महावर, शंकर लाल महावर, मुकेश महावर, शैलेंद्र महावर, राजकुमार जैथल, गीता सैंडल, निर्मला वर्मा और सुनीता महावर ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। समिति अध्यक्ष जितेंद्र जेथल ने मंदिर निर्माण के लिए दिए गए योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## नवनियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

**दिव्य आधार.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण द्वारा नवनियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण के अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी और जयेश श्रृंगी ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण द्वारा नवनियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान समारोह बुधवार दिनांक 5 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा।

## बजट घोषणाओं के कार्यो की फील्ड में जाकर करें मॉनिटरिंग

### अधिक से अधिक किसानों की बनवाए फार्मर आईडी–जिला कलक्टर

**दिव्य आधार. कोटा।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने सोमवार को कलेक्टेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में वर्ष 2024-25 के बजट में कोटा जिले के लिए की गई घोषणाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

डॉ. गोस्वामी ने कहा कि जिन बजट घोषणाओं से जुडे प्रस्ताव जयपुर स्थित मुख्यालयों में भेजे गये है उनके संबंध में जिला स्तरीय अधिकारी आवश्यक पत्राचार कर उन्हें जल्दी से जल्दी स्वीकृत कराने की दिशा में गंभीरता से प्रयास करें। साथ ही स्वयं मौके पर जाकर बजट घोषणा के धरातल पर हो रहे कार्यो की मॉनिटरिंग करें।

जिला कलक्टर ने उन्होंने ऐग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री के लिए 5 फरवरी से शुरू होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक किसानों एवं पशुपालकों की फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए।

डॉ. गोस्वामी ने कहा कि फार्मर आईडी बनने पर कृषकों एवं पशुपालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। उन्होंने व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से किसानों को 5 फरवरी से 31 मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों में आकर पंजीयन कराने एवं आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में किसानों को 11 अंकों की यूनिक आईडी दी जायेगी जिसके माध्यम से उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा।

जिला कलक्टर ने सीएमएचओ कोटा को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बोर्ड परीक्षाओं के बाद स्कूली बच्चों की आंखो की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में बने टॉयलेट पर ताला नहीं लगाने एवं जीर्ण-क्षीर्ण हो चुके विद्यालय भवनों की बेरिकेटिंग कर वहां बच्चों की एन्ट्री बंद करने के निर्देशों की सख्ती से पालना कराने को कहा। साथ ही चिन्हित जर्जर भवनों की मरम्मत के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हो।

डॉ. गोस्वामी ने निर्देश दिये जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अभी गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी नहीं हो रही है उन्हें चिन्हित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डिलेवरी की सुविधा उपलब्ध हो।

## कैंसर दिवस पर समग्र बघेरवाल महिला प्रकोष्ठ द्वारा कैंसर जागरूकता एवं बचाव सेमिनार

**दिव्य आधार. कोटा।** समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल महिला प्रकोष्ठ के द्वारा 4 फरवरी को कैंसर दिवस के उपलक्ष में कैंसर जागरूकता एवं बचाव सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। महिला प्रकोष्ठ कीअध्यक्ष सीमा हरसोरा ने बताया कि 4 फरवरी मंगलवार को कैंसर दिवस के अवसर पर पंडित आशाधर बघेरवाल भवन, रंगबाड़ी रोड पर शाम को 8 बजे एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि बरथूनिया के द्वारा कैंसर एवं इसके बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। सचिव प्रियंका हरसोरा के अनुसार बीमारी में फंड्स को कैसे व्यवस्थित करें, इसके बारे मे राहुल कुमार के द्वारा जीवन बीमा एवं मेडिक्लेम की भी जानकारी प्रदान की जाएगी।

## निःशुल्क तीन दिवसीय निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर 10 फरवरी से सभी को मिलेगा लाभ

**दिव्य आधार. कोटा /भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद भीलवाड़ा राजस्थान मध्य प्रांत द्वारा आगामी 10 से 12 फरवरी तक निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजनडीडी दिव्यांग काशीपुरी, वकील कॉलोनी, माहेश्वरी भावन रामधाम के पीछे आयोजित किया जाएगा। शिविर संयोजक गिरीश अग्रवाल ने बताया कि इसमें राजस्थान के किसी भी स्थान से आने वाले दिव्यागों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर का आयोजन श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान के सौजन्य से किया जा रहा है।

## मथुराधीश जी मंदिर कॉरीडोर व हेरिटेज सिटी निर्माण कार्य तुरंत प्रारम्भ करवाया जाये - संदीप शर्मा

**दिव्य आधार.** विधायक संदीप शर्मा ने सोमवार को विधानसभा कार्य संचालन एवं प्रक्रिया सम्बन्धी नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख में कोटा के प्राचीन मथुराधीश जी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं कॉरीडोर व हेरिटेज सिटी निर्माण कार्य को चालू करवाने का मामला उठाया। ज्ञात हो कि विधायक शर्मा लम्बे समय से इस मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं तथा उनके आग्रह पर ही भाजपा सरकार बनने के बाद प्रथम बजट में इसके विकास के लिए राशि स्वीकृत हुई। उन्होंने सदन में कहा कि मथुराधीश जी मंदिर बहुत प्राचीन है, यह वल्लभ सम्प्रदाय की सात उप पीठों में प्रथम पीठ हैं जिससे इनकी मान्यता बहुत अधिक है, न केवल कोटा और राजस्थान बल्कि पूरे देश से दर्शनार्थी यहां आते हैं। किंतु पुराने कोटा शहर में अति संकीर्ण स्थान पर अवस्थित होने के कारण प्रतिवर्ष यहां आने वाले लाखों धर्मावलम्बियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है और परिक्रमा मार्ग भी संकरा होने के कारण भी बड़ी समस्या उत्पन्न होती हैं। स्थान के अभाव के कारण प्रतिवर्ष जन्माष्टमी, नन्द महोत्सव, अन्नकूट एवं होली के अवसर पर यहां आयोजित होने वाले बड़े उत्सवों में यहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और अनेक धर्मप्रेमी तो मंदिर तक पहुंच ही नहीं पाते। उन्होंने कहा कि इस मंदिर का परिक्षेत्र नाथद्वारा श्रीनाथ जी मंदिर क्षेत्र की प्रतिकृति ही है, इसलिए मंदिर समिति, संत समाज, स्थानीय व्यापारियों, निवासियों सहित यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हार्दिक अभिलाषा है कि नाथद्वारा श्रीनाथ जी मंदिर की भांति ही मथुराधीश जी मंदिर कॉरीडोर एवं परिक्रमा मार्ग व हेरिटेज सिटी का विकास करवाया जाये। इससे बड़ी संख्या में पर्यटक आकर्षित होंगे और कोटा की अर्थव्यवस्था को धार्मिक पर्यटन का सम्बल मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लोगों की जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने प्रदेश के प्रमुख मंदिरों के विकास के लिए 300 करोड़ रुपए स्वीकृत किये जिसमें मथुराधीश जी मंदिर भी सम्मिलित है। वहीं कार्यकारी संस्था कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा मंदिर के विकास, परिक्रमा मार्ग, कॉरीडोर एवं हेरिटेज सिटी विकास हेतु लगभग 65 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है किंतु सरकार की मंशा होने के बाद भी अभी तक इसका निर्माण प्रारम्भ नहीं हो सका है।

## राजस्थान को रिकार्ड 9960 करोड़ रुपए के बजट का आवंटन



**दिव्य आधार. कोटा।** श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेलमंत्री ने प्रस्तुत बजट में भारतीय रेलवे के लिए किए गए प्रावधानों पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग से चर्चा करते हुए बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में रेलवे के विकास के लिए रणनीति में बदलाव कर अधिकाधिक निवेश पर बल दिया गया है जिससे रेलवे पर संरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 2025-26 में रेलवे को 2,52,000 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया गया है। माननीय रेलमंत्री ने बजट 2025 में बडे बजट आवंटन के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया है। माननीय रेलमंत्री ने कहा कि भारतीय रेल देश में संरक्षित, तीव्र और आरामदायक रेल यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार है और आने वाले दो से तीन साल में 200 नई वंदे भारत ट्रेनों, 100 अमृत भारत ट्रेनों, 50 नमो भारत रैपिड रेल और 17,500 साधारण श्रेणी गैर-एसी कोचों के निर्माण किया जाने का लक्ष्य रखा गया है।

रेलवे में संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए इस बजट में 1,16,000 करोड़ रूपए का आंवटन किया गया है। माननीय रेलमंत्री ने संरक्षा को रेलवे का महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि विगत वर्षों में भारतीय रेलवे पर संरक्षा सम्बंधित कार्यों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि संरक्षा को बेहतर बनाने के लिए रेलवे ट्रेक का उन्नयन और कवच प्रणाली पर मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेलमंत्री ने राजस्थान के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि राजस्थान राज्य बहुत बड़ा प्रदेश है और यहाँ रेलवे के विकास के लिए अनेकों कार्य प्रगति पर है। वर्ष 2009-14 तक राजस्थान को औसत बजट मात्र 682 करोड़ रूपए प्रतिवर्ष मिलता था जिसे माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वर्ष 2025-26 के बजट में 9960 रूपए प्रदान किए गए है जो कि वर्ष 2009-14 के बजट की तुलना में लगभग 15 गुणा अधिक है। श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि राजस्थान में रेल कार्य बहुत तेजी से हो रहे हैं। राजस्थान में स्थित 85 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

**दिव्य आधार. कोटा।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में 6 फरवरी से शुरू हो रही कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा की कोटा जिले में की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि किसी भी परीक्षा केन्द्र पर पेपरलीक, नकल या अन्य किसी अवांछित गतिविधि का पता चलते ही सबसे पहले इसकी सूचना राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को पहुंचनी चाहिए। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रवेश द्वार बंद होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाए। साथ ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश कर चुके अभ्यर्थी को परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी परिस्थिति में बाहर आने नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि संदिग्ध गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बॉक्स खुला होने या पेपर वाले लिफाफे की सील खुली होने की शंका होने पर इसकी सूचना तुरंत बोर्ड कार्यालय को देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बॉक्स गाडी से उतारने के बाद सीधा प्रधानाचार्य के कक्ष में ऐसी जगह पर रखा जाए जो सीसीटीवी की लगातार निगरानी में हो। परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे से पहले बॉक्स नहीं खोला जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं दो अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों की मौजूदगी में ही बॉक्स खोला जाए। पूरी प्रक्रिया वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी में रिकार्ड की जाएगी, ताकि किसी तरह की अनियमित्ता की आशंका नहीं रहे। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले समय में पूरी परीक्षा का एआई विश्लेषण होगा। यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर एक साथ कई अभ्यर्थी पास हो गए और किसी अन्य केन्द्र में सिर्फ दो ही अभ्यर्थी पास हुए हों ऐसी परिस्थिति में एआई विश्लेषण से किसी तरह की नकल अथवा अन्य अनियमितता पकड़ में आ जाएगी।

बैठक में कोटा जिले के परीक्षा समन्वयक अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी ने भी कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा आयोजन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परीक्षा के लिए नियुक्त उप समन्वयक दल प्रभारी, केन्द्राधीक्षक एवं पर्यवेक्षकों सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 6,7,8,10,11 एवं 22 फरवरी 2025 को किया जायेगा।

**बोर्ड अध्यक्ष से सर्किट हाउस में अभ्यर्थियों की मुलाकातः** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज से सोमवार शाम को सर्किट हाउस में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने मुलाकात की। बोर्ड अध्यक्ष ने चयन बोर्ड द्वारा साफ सुथरी परीक्षा प्रणाली एवं वास्तविक पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए किए जा रहे नवाचारों और इसके लिए तकनीकी के सुदृढ उपयोग की जानकारी दी साथ ही अभ्यार्थियों के सुझाव और फीडबैक प्राप्त कर व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी और खामी रहित बनाने का भरोसा दिलाया। पशुधन सहायक परीक्षा में प्रश्न के बदलाव के कारण नौकरी से वंचित हुए युवाओं को विश्वास दिलाया कि उनके हितों के संरक्षण के लिए विचार-विमर्श कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## वैज्ञानिक बनने की प्रयोगशाला है प्रदर्शनीः दिनेश विजय



**दिव्य आधार. कोटा।** एम.बी. इंटरनेशनल स्कूल नयागांव कोटा में आज वार्षिक प्रदर्शनी का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्कूल के निदेशक शुभम विजय महक विजय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।चैयरमैन दिनेश विजय एवं पुष्पांजलि विजय ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडल को सराहा। प्रदर्शनी के अंतर्गत बच्चों ने चंद्रयान-3, बैंक, 3D शेप, हृदय से संबंधित अनेक वर्किंग कार्यरत मॉडल्स का प्रदर्शन किया। दिनेश विजय ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चो को प्रोत्साहित करते है जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम हो सके तथा नवाचार जीवन में उच्च शिखर तक पहुंचते है। ये आयोजन वैज्ञानिक बनाने की प्रयोगशाला है।

## गागरोन विद्यालय के स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं व ग्रामवासियों ने किया सूर्य नमस्कार

**दिव्य आधार. झालावाड़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गागरोन में विद्यालय में प्रधानाचार्या गायत्री शर्मा के निर्देशन में सूर्य नमस्कार की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या गायत्री शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में सूर्य नमस्कार को अपनाये जाने के साथ-साथ अपने परिवार व आस-पास के व्यक्तियों को भी सूर्य नमस्कार करवाये जाने के लिए कहा गया तथा बताया गया कि सूर्य नमस्कार करने से सभी व्यक्ति स्वस्थ रहते है तथा विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता फरहा बेगम, धीरज कवरियां, मनोज पारेता, मनीष तोदी, भावना निगम, ब्रह्मदत्त रावल, रामकरण मीना, गंगा नागर, कलीम खान, जनेरा खान, आशीष निगम व विद्यालय सभी शिक्षक, छात्र, अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उषा जैन ने किया।

## महिलाओं के नेतृत्व का सशक्त प्रतिबिम्ब है प्रभा मेहता– मुकेश व्यास



**दिव्य आधार. कोटा।** रोटरी क्लब कोटा ने अपने क्लब से चयनित प्रथम महिला डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, रोटेरियन प्रज्ञा मेहता को उनके विदेश यात्रा प्रस्थान के अवसर पर सम्मानित कर शुभकामनाएँ प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम क्लब के सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मुकेश व्यास ने इस अवसर पर बताया कि रोटेरियन प्रज्ञा मेहता क्लब की पहली महिला सदस्य हैं, जिन्हें प्रांतपाल के रूप में चुना गया है। उन्हें रोटरी इंटरनेशनल द्वारा अमेरिका में आयोजित इंटरनेशनल असेंबली में गवर्नर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का विशेष गौरव प्राप्त हुआ है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रोटरी इंटरनेशनल के नेतृत्व विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**दिव्य आधार. झालावाड़।** आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिले में किसी भी विभाग का कोई भी जीर्ण-शीर्ण भवन हो जिसे ध्वस्त करवाना हो तो सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से उसकी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी बैठकों का आयोजन निर्धारित समय पर करवाएं। इस दौरान जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके लिए उपलब्ध बजट एवं वर्तमान में कार्य की स्थिति की समीक्षा की तथा उन्हें शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक को जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की व्यापक मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन भी विभागों के तहत निर्माण कार्य रूके हुए हैं एवं धीमी गति से चल रहे हैं उनके संबंधित संवेदक के साथ उपस्थित होकर कार्य में प्रगति लाने हेतु समीक्षा की जाए। इस दौरान उन्होंने आगामी बजट के पश्चात विभागवार भूमि आवंटन हेतु तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा झालावाड़ के तालाबों की साफ-सफाई हेतु अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके तहत वर्तमान में नया तालाब की सफाई की गई है इसके पश्चात गावड़ी तालाब, खण्डिया तालाब एवं गोमती सागर तालाब में भी सफाई कार्य किया जाएगा। उन्होंने इस कार्य में सभी विभागों द्वारा सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में भी साफ-सफाई रखने के निर्देश भी दिए।

जिला कलक्टर ने पीएम आवास योजना के सर्वे कार्य हेतु लोगों को जागरूक कर प्रगति लाने तथा खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत ई-केवाईसी के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज लम्बित प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण कर जिले को राज्य में सर्वोच्च स्थान पर लाने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए।

वहीं ई-फाईल सिस्टम में सुधार आने पर जिला कलक्टर ने आगे भी सभी फाइलों का निस्तारण कम से कम समय में करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।

फार्मर रजिस्ट्री शिविर में अधिक से अधिक किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए 7419 घरों का सर्वे किया

**दिव्य आधार. कोटा।** डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए कामयाब कोटा बनाना है, डेंगू को हराना है अभियान जारी है। सीएमएचओ डॉ नरेंद्र नागर ने बताया कि सोमवार को विभाग की 686 टीमों ने 7419 घरों का सर्वे कर एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधयां की। टीमों ने 11281 कंटेनरों (टंकी/कूलर/अन्य) की जांच की। लार्वा पाए 81 कंटेनरों को उपचारित किया। 526 कंटेनरों को खाली कराया। 557 कंटेनरों में टेमीफोस व 601 स्थानों पर एमएलओ डाला। इस दौरान 119 ब्लड स्लाईड ली गई। आमजन को बचाव-रोकथाम संबंधी जागरूकता के पम्फलेट भी बांटे।

## वसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन



**दिव्य आधार. कोटा।** भगत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलानिया कोटा में वसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन का प्रारंभ सरस्वती पूजा एवम सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के साथ ही बच्चों ने विचित्र वेशभूषा का प्रदर्शन किया और सूर्य नमस्कार किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं एवम अध्यापकों ने भाग लिया, अंत में स्वाद का महाकुंभ कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे सभी हाउस के छात्र छात्राओं ने उत्सुकता पूर्वक भाग लिया।

## एसआरटी क्रिकेट अकेडमी ने सेंट जॉन्स एमबीसीए को हराया

**दिव्य आधार. कोटा।** ओमेंद्र क्रिकेट अकेडमी कोटा द्वारा विंटर बैटल कप अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ओमेंद्र क्रिकेट अकेडमी ग्राउंड, गांवड़ी रंगपुर रोड़ कोटा पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता के संयोजक ओमेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में एसआरटी क्रिकेट अकेडमी बनाम सेंट जॉन्स एमबीसीए के मध्य खेले गए मुकाबले में एसआरटी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 162 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद नवाज ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली तथा शौर्य प्रताप ने 23 रन ओर आयुष ने 22 रन का योगदान किया। सेंट जॉन्स टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्षित टेलर ने 3 विकेट, विहान गांधी व आरव गोस्वामी ने दो-दो विकेट तथा न्यूटन पाण्डेय ओर ध्रुव ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंट जॉन्स की टीम 141 रन ही बना सकी। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए उत्कर्ष ने 72 रन की संघर्षपूर्ण अर्धशतकीय पारी खेली तथा हर्षित टेलर ने 21 रनों का योगदान किया। एसआरटी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए चांदनी ने तीन विकेट, अरशद हुसैन, माहिरा खान, विनीत ने दो-दो विकेट लिए तथा शमीम शाह ने एक विकेट लिया। एसआरटी टीम ने यह मुकाबला 21 रन से जीत लिया। इस मैच में चांदनी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। ओमेंद्र सिंह ने बताया कि मैच के दौरान अभिमन्यु शर्मा, कार्तिक अपूर्वा, संतोष पंडित, अंपायर दिनेश कुमार, भरत मीणा, पीयूष वर्मा, रोहित गुजराती सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री ने राज्य की 2.27 लाख मेधावी बेटियों को वितरित की 90.35 करोड़ की पुरस्कार राशि

**दिव्य आधार. जयपुर।** शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सोमवार को अपने सरकारी आवास पर बालिका शिक्षा फाउंडेशन द्वारा संचालित गार्गी पुरस्कार योजना के तहत अंतर्गत वर्ष 2024-25 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में 75 फीसदी व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं के लिए नियमित अध्ययनरत रहने पर 3000 रुपए (कक्षा 11 एवं 12 के लिए प्रथम एवं द्वितीय किश्त) एवं प्रशस्ति प्रत्र प्रदान किए। साथ ही बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में 75 फीसदी व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं के लिए 5000 रुपए की एक मुश्त राशि प्रदान की गयी।

दोनों पुरस्कार योजनाओं की पात्र 2,27,260 बालिकाओं को कुल 90,34,08,000 रुपये (90



करोड़ चौतीस लाख आठ हजार रुपए मात्र) राशि का अन्तरण डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) माध्यम से किया गया है।

गार्गी पुरस्कार योजना की प्रथम किस्त में 80,129 और द्वितीय किस्त में 36,317 बालिकाओं एवं बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत 1,10,814 बालिकाओं सहित कुल 2,27,260 बालिकाओं को यह राशि प्रदान की गयी है।

## वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन कोटा ने अतिरिक्त आबकारी आयुक्त को सौंपा ज्ञापन।

**दिव्य आधार. कोटा।** शराब नीति एवं अन्य मांगों को लेकर शराब ठेकेदार लगातार अपनी मांगों को उचित मंच पर उठा रहे हैं, ज्ञापन दे रहे हैं, धरना दे चुके और सरकार को अपनी मांगों से अवगत करा चुके लेकिन उसके बाद भी सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही जिस कारण प्रदेश के शराब व्यवसाइयों को परेशानी का सामना करना पड रहा है, एक ओर उन्हें आर्थिक बोझ तले दबाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर प्रशासन की व्यवस्थाओं का खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड रहा है, ऐसे में मांगे पूरी नहीं होने पर 4 फरवरी को प्रदेशव्यापी बंद का आव्हान किया गया है, जिसके तहत आज (मंगलवार) दो घंटे सुबह 10 से 12 बजे तक शराब की दुकाने बंद रही। आबकारी नीति वर्ष 2025-26 एवं 29 के खिलाफ अनुज्ञाधारियों की ओर से विरोध दर्ज कराया जा रहा है। कोटा वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि इस सम्बन्ध



में सोमवार को अतिरिक्त आबकारी आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि मुख्य मांगों में पुरानी सभी प्रकार की पेनेल्टियां समाप्त किए जाने, शराब की दुकानें खोलने का समय रात्रि 11 बजे तक किया जाने, गांरटी पूर्ति करने वाले ठेकेदारों की जब्त धरोहर राशियां तुरंत प्रभाव से लोटाए जाने, महंगाई के अनुसार शराब ठेकेदारों का कमीशन कम से कम 20 प्रतिशत और बढ़ाया जाना चाहिए।

# एग्रीस्टैक योजना के तहत 05 फरवरी से आयोजित होंगे फार्मर रजिस्ट्री शिविर

## किसानों की बनाई जाएगी 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी

**दिव्य आधार. झालावाड़।** राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए फरवरी माह से सम्पूर्ण प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना शुरू की जा रही है। योजना के अन्तर्गत किसानों की जानकारी का व्यापक डेटाबेस तैयार करते हुए प्रत्येक किसान को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सुगमता एवं पारदर्शिता आएगी।

उपखण्ड अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (भू अभि.) अभिषेक चारण ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना का उद्देश्य किसानों के लिए सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट, स्थानीयकृत और विशिष्ट सलाह और बाजारों तक अधिक सूचित और सुविधाजनक पहुंच प्राप्त करना एवं आसान बनाना है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा उक्त आईडी बनवाने हेतु आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नम्बर एवं जमाबंदी की अद्यतन प्रति लाना आवश्यक होगा।

**यहां आयोजित होंगे शिविर :** एग्रीस्टैक योजना के तहत चरणबद्ध रूप से 5 फरवरी 2025 से ग्राम पंचायत स्तर पर प्रातः 9.30 से सायं 5.30 बजे तक फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाए जाएंगें। सभी किसानों को एग्रीस्टैक कृषि से जोड़ा जाएगा, ताकि कोई भी किसान सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

झालावाड़ जिले में 5 से 7 फरवरी तक तहसील सुनेल की ग्राम पंचायत ढाबलाखींची, गंगधार की ग्राम पंचायत बर्डियाबीरजी, झालरापाटन की ग्राम पंचायत खानपुरिया व बोरदा में, पचपहाड़ की ग्राम पंचायत अलावा व भिलवाड़ी में, बकानी की ग्राम पंचायत सलावद व बड़ाय, असनावर की ग्राम पंचायत इकतासा, अकेलरा की ग्राम पंचायत थरोल व अमृतखेड़ी में, रायपुर की ग्राम पंचायत सेमलीखाम, मनोहरथाना की ग्राम पंचायत गरबोलिया, पिड़ावा की ग्राम पंचायत डोला व खैराना, खानपुर की ग्राम पंचायत बाघेर तथा डग की ग्राम पंचायत जगदीशपुरा में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 6 से 8 फरवरी तक मनोहरथाना की ग्राम पंचायत मनोहरथाना में एवं डग की ग्राम पंचायत हरनावदा में तथा 8 से 10 फरवरी तक खानपुर की ग्राम पंचायत हरीगढ़ में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि एग्रीस्टैक कृषि से संबंधित डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराने की केन्द्र सरकार की परियोजना है। इसके अंतर्गत डिजिटल रूप में क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री एवं भू-संदर्भित नक्शे का डेटाबेस निर्माण कर प्रत्येक किसान को विशिष्ट आईडी प्रदान की जाएगी।

एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसान का नाम, पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले खेत का खसरा नम्बर, उसके हिस्से वाले खेत का खसरा नम्बर, मोबाइल नम्बर और आधार नम्बर को एकत्र कर एक कम्पलीट डाटाबेस तैयार किया जाएगा। किसानों को डाटाबेस तैयार होने के बाद पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त आसानी से मिलना, फसल बीमा का लाभ, खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वतः रजिस्ट्रेशन एवं अन्य किसान कल्याणकारी योजनाओं में लाभ मिलेंगे। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर डेटा तैयार करने से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक किसानों की पहुंच आसान हो सकेगी।

## आधार मन की बात — सम्पादकीय

### फिर से व्यापार युद्ध

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में टैक्स छूट के तोहफे से मध्य वर्ग को खुश कर दिया। इससे खपत में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है, लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर 25% और चीन पर 10% आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर जिस तरह के व्यापार युद्ध की शुरूआत की है, उसका असर भारत पर भी हो सकता है, जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

ट्रंप की इन घोषणाओं के बाद इन देशों की ओर से जवाबी कदमों का ऐलान स्वाभाविक है। लेकिन सबसे बड़ी बात है कि ट्रंप इन देशों तक ही रुकने वाले नहीं हैं। यूरोप उनके अजेंडे पर पहले से ही रहा है। इससे अनिश्चितता पैदा हो रही है। देखना होगा कि यह सिलसिला किस तरफ और कितना आगे बढ़ता है।

भारत इस मामले में फिलहाल रक्षात्मक रुख अपनाते हुए बढ़ता दिख रहा है। इसकी ठोस वजहें भी हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप भारत से ट्रेड सरप्लस कम करने को कह सकते हैं, लेकिन इस मामले में थोड़ी नरमी दिखाकर और अमेरिका से हथियार, तेल, गैस और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाकर उन्हें शांत किया जा सकता है। यह इसलिए भी संभव दिखता है क्योंकि ट्रंप की प्राथमिकताएं अभी अलग हैं। लैटिन अमेरिका, चीन, यूरोपियन यूनियन और रूस से निपटना उनके अजेंडे में ऊपर है।

बावजूद इसके, भारत के लिए नरमी के इस रुख पर कायम रहना आसान नहीं होगा। अगर भारत सिर्फ अमेरिका को आयात शुल्क में रियायत देता है तो वह विश्व व्यापार संगठन (WTO) के नियमों के खिलाफ होगा। ये नियम कहते हैं कि सभी देशों के लिए टैरिफ समान होना चाहिए। लेकिन अगर भारत सभी देशों को आयात शुल्क में छूट देता है तो आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने का लक्ष्य कमजोर होगा।

सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के चलते जो व्यापार युद्ध शुरू होगा, उसका ग्लोबल इकॉनमी पर नकारात्मक असर होगा। इससे भारत में विदेशी निवेश का फ्लो कम हो सकता है, रुपये में और गिरावट आ सकती है। बजट से उपजा उत्साह अपनी जगह है, लेकिन आने वाली इन चुनौतियों के मद्देनजर अभी से तैयारी करनी होगी। स्वाभाविक ही, इसी हफ्ते रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों पर होने वाली घोषणाओं पर निगाहें टिक गई हैं।

# शिवाजी पार्क से वॉक ओ रन में दौड़ेंगे धावक



**दिव्य आधार.** हॉट वॉइस सोसाइटी द्वारा डीसीएम रोड स्थित शिवाजी पार्क में कार्यशाला का आयोजन किया। मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि हॉट वॉइस सोसाइटी के संयोजक डॉ साकेत गोयल ने शिवाजी पार्क में क्लब के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि हेल्थ कार्निवल 7 से 8 फरवरी को उमेद सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा। 9 फरवरी को 21 किलोमीटर वॉक ओ रन होगी। उसमें मॉर्निंग क्लब के सभी धावक दौड़ेंगे। उन्होंने बताया कि अपने हार्ट को प्रोटेक्ट रखने के लिए शक्कर और नमक का कम उपयोग करना चाहिए तथा प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 10 हजार कदम चलना चाहिए, बैठक का कार्य कम करना चाहिए लम्बा जीवन जीने के लिए कम खाना खाएं और ज्यादा परिश्रम करें। हॉट वॉइस समिति की ओर से शिवाजी पार्क में वॉक करने वाले लगभग 200 नागरिकों को हार्ट अटैक प्रोटेक्ट टिकट का वितरण किया।

# फिजिक्सवाला ने वितरित किए स्कॉलरशिप पुरस्कार




**दिव्य आधार. कोटा।** फिजिक्सवाला ने पूरे देश में आयोजित नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 2024 में सबसे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 1,581 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। अकेले कोटा में पीडब्लू ने 256 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। शिक्षा प्राप्त करना आसान बनाने के लिए पीडब्लू ने इस पुरस्कार समारोह में विद्यार्थियों को 2 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार वितरित करके उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया। देश में स्कॉलरशिप के लिए एक महत्वपूर्ण टेस्ट, पीडब्लूएनसैट में पूरे देश से 15.5 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। 250 करोड़ रुपये के पीडब्लूएनसैट 2024 स्कॉलरशिप फंड द्वारा पीडब्लू का उद्देश्य विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस की फिक्र किए बगैर कोचिंग प्राप्त करने में समर्थ बनाना है। पीडब्लूएनसैट 2024 का उद्देश्य जेईई और नीट प्रत्याशियों को फैकल्टी, संसाधन और अध्ययन का वातावरण प्रदान करना है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम वित्तीय सहायता के अलावा, रहने की व्यवस्था में सहयोग और मेंटरशिप भी उपलब्ध कराएगा ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपने शैक्षणिक उद्देश्य प्राप्त कर सकें। इस साल, 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को कम से कम 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप मिली।

# ओ नेगेटिव रक्तदान कर बचाई 6 दिन की बच्ची की जान




**दिव्य आधार.** आत्माराम जन सेवा संस्थान के प्रयास से 6 दिन की बेबी ऑफ अंजुम पत्नी ईशाद 6 दिन पिलिया से पिडित है। जिसे ओ-नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी। रेयर ब्लड ग्रुप होने से बच्ची के परिजन बहुत परेशान थे। जिसके लिये मण्डावर के शिक्षक मनोज मेवाडा द्वारा आत्माराम जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष युवराज पारेता को सूचित किया। जिसे गंभीरता से लेते हुए रेगुलर ओ-नेगेटिव रक्तदाता चन्द्रसिंह जी से सम्पर्क कर तुरन्त रक्तदान करने एसआरजी चिकित्सालय के ब्लड बैंक पहुँचे। जहाँ आत्माराम जन सेवा संस्थान के सदस्यों के सहयोग से चन्द्र सिंह जी द्वारा रक्तदान कर 6 दिन की बच्ची के लिए किया।

रेगुलर ओ-नेगेटिव रक्तदाता चन्द्र सिंह जी द्वारा 8 बार रक्तदान किया गया है। आत्माराम जन सेवा संस्थान द्वारा ऐसे रक्तदाताओं हमेशा प्रोत्साहित किया जाता है। रेयर ब्लड ग्रुप होने के कारण बच्ची के परिजन रक्तदाता चन्द्र सिंह जी और आत्माराम जन सेवा संस्थान के युवराजपारेता व सहयोग सूचना पहुँचाने के लिए शिक्षक मनोज मेवाडा का आभार व्यक्त करते है।

# जिले में आयुर्वेद महोत्सव 7 से 10 फरवरी तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं संभाग स्तरीय आरोग्य मेले में मुफ्त परामर्श

**दिव्य आधार. बारां।** जिले में आयुर्वेद विभाग बारां द्वारा संभाग स्तरीय आयुर्वेद महोत्सव एवं आरोग्य मेले का आयोजन 7 से 10 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। यह मेला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल संकुल, कोटा रोड, बारां में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक चलेगा। मेला प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह हाडा ने बताया कि यह आयोजन आयुष पद्धतियों के प्रचार-प्रसार एवं जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस मेले में निशुल्क चिकित्सा परामर्श, इलाज एवं औषधियों का वितरण किया जाएगा।

# श्रीराम जानकी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव, 7 दिवसीय भागवत कथा शुरू



**दिव्य आधार. कोटा।** श्रीराम जानकी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में 7 दिवसीय भागवत कथा भी शुरू की गई। पूर्व मीडिया प्रभारी परमानन्द महावर ने बताया कि केशवपुरा सेक्टर 4 स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के 33वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में 7 दिवसीय भागवत कथा आज से शुरू हुई जो कि 10 फरवरी तक रोज दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक चलेगी जिसमें बीनागंज मध्यप्रदेश से पधारे पंडित राजेन्द्र पारीक द्वारा भागवत कथा सुनाई जाएगी।

महामंत्री उम्मेदसिंह मोसलपुर ने बताया कि आज मंदिर परिसर से बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी निभाई, पार्षद लक्ष्मी मेहरा एवं नंद कंवर हाड़ा ने महिलाओं को कलश धारण करवाए। इस दौरान बग्घी की सवारी भी निकाली गई जिसका रास्ते में जगह जगह लोगो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा नगर परिक्रमा करके पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान कलश यात्रा के साथ मंदिर समिति के संरक्षक बृजमोहन सेन, उप महामंत्री कृष्ण अवतार राठौर, संगठन मंत्री महावीर नागर, पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर, बनवारी लाल नागर, लालचंद गोचर, राम गोपाल गोचर, कोषाध्यक्ष गोविंद नारायण मिश्रा, रामबाबू गुप्ता, पी. सी. अग्रवाल, लालचंद गोचर, पूर्व पार्षद कमलेश पारेता, बालचंद पारेता, मुकेश कुमार सैन एडवोकेट, अमित सेन, मोहनलाल शर्मा, परमेश्वर भार्गव, कपूरी बाई महावर, प्रिया सुमन, कमलेश अग्रवाल, विष्णु सुमन, जगदीश सिंह हाड़ा, कैलाश यादव,राधेश्याम राठौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राज्य की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल, कांग्रेस शासन काल की लाभकारी सभी योजनाएं बंद - भारती



**दिव्य आधार. कोटा।** राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सलीम भारती ने राज्य की भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि प्रदेश के सभी विकास कार्य ठप हो गए हैं, भाजपा सरकार ने कांग्रेस शासन काल की जनहित की लाभकारी सभी योजनाएं बंद कर दी है, इससे प्रदेश वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, भाजपा के शासनकाल से राज्य की जनता में निराशा है' भारती ने अपने आरोप में कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था चरमरा गई है, आम नागरिक अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को युवाओं को रोजगार देने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने चाहिए।' भारती ने कहा की भाजपा सरकार को कांग्रेस शासन काल की सभी योजनाओं को बाहल करना चाहिए। राज्य के ठप विकास कार्य को आगे बढाना चाहिए। भारती ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा अपने घोषणा पत्र में अनेक वादे किए थे। किंतु भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। राज्य की जनता को भाजपा के शासनकाल में निराशा हाथ लगी है। राजीव ब्रिगेड के कार्यकर्ता भाजपा सरकार की असफलताओं को लेकर जन आंदोलन छेड़ेंगे।




# बढ़ी दाढ़ी, सफेद बाल, चेहरे पर झुर्रियां..'छावा' में औरंगजेब बने अक्षय खन्ना का लुक आउट

**मुंबई.** विक्की कौशल की अपकमिंग फिल्म 'छावा' की खूब चर्चा हो रही है। मेकर्स ने कुछ समय पहले फिल्म से विक्की कौशल और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक रिलीज किया था। इसके बाद अब फिल्म से अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। औरंगजेब के रोल एक्टर का लुक देख फैंस हैरान रह गए हैं और उनकी खूब तारीफ हो रही है। फिल्म छावा में विक्की कौशल, महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई की भूमिका में हैं। अक्षय खन्ना इस फिल्म मुगल शासक औरंगजेब की भूमिका में हैं। पोस्टर में अक्षय को मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में देखा जा सकता है। पोस्टर्स रिलीज करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, 'डर और दहशत का नया चेहरा। मुगल साम्राज्य के क्रूर शासक मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में प्रस्तुत हैं अक्षय खन्ना।

बता दें, लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही फिल्म छावा के निमार्ता दिनेश विजान हैं और दिग्गज संगीतकार एआर रहमान ने इस फिल्म में संगीत दिया है। यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज होगी।

# बिग बॉस 18 से हारने के बाद टूटा रजत दलाल का दिल, कहा-मैंने हमेशा जिंदगी में जीतने के लिए..



**मुंबई।** रियलिटी शो बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले हुआ, जहां करणवीर मेहरा ने शो की ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, विवियन डीसेना फर्स्ट रनर-अप बने और रजत दलाल ने सेकंड रनर-अप की पोजीशन हासिल की। रजत की फैन-फॉलोइंग काफी मजबूत थी और उनके फैंस उन्हें जीत का दावेदार मान रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में बिग बॉस से बाहर निकलने के बाद रजत दलाल ने अपनी हार पर प्रतिक्रिया दी। बिग बॉस से बाहर निकलने के बाद रजत दलाल ने कहा, 'मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन उन सभी का धन्यवाद जो मुझे यहां लाने के लिए चुना। मैंने हमेशा अपनी जिंदगी में जीतने के लिए ही प्रतिस्पर्धा की है, चाहे वह पढ़ाई हो या खेल। कभी भी मैंने दूसरे नंबर के लिए नहीं खेला। यहां तक कि अगर 2-3 नंबर पर आता तो भी मुझे दूसरा मौका मिलता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। थोड़ी निराशा है, पर ठीक है।'

इसके बाद, रजत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने बिग बॉस की यात्रा का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'आप सभी को ढेर सारा प्यार। जितना प्यार मुझे मिला, वो मैंने उम्मीद नहीं की थी। यही मेरी असली जीत है और मैं इसे अपनी जीत मानकर आगे बढ़ूंगा। एक बार फिर आप सभी का दिल से धन्यवाद।' रजत की हार पर उनकी करीबी दोस्त और बिग बॉस की सह-कंटेस्टेंट पवित्रा पुनिया ने इंस्टाग्राम पर कमेंट करते हुए उन्हें विजेता बताया। बिग बॉस के घर में रजत का सपोर्ट करने आए एल्विश यादव भी उनकी हार से दुखी थे और उन्होंने कमेंट में 'ब्रोकन हार्ट' इमोजी शेयर किया। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, 'रजत ने भले ही ट्रॉफी न जीती हो, लेकिन उसने सबका दिल जरूर जीत लिया है।'

# पुष्पा 2 फेम सुकुमार के घर आयकर विभाग की रेड, एयरपोर्ट से निर्देशक को वापस ले जाकर की छापेमारी



**मुंबई।** फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज के साथ ही अल्लू अर्जुन की मुसीबतें काफी बढ़ गई थीं। भगदड़ मामले में एक्टर की मुश्किलें अभी भी कम नहीं हुई हैं। वहीं, अब फिल्म के निर्देशक सुकुमार भी बड़ी मुसीबत में घिरते दिख रहे हैं।आयकर विभाग के अधिकारियों ने बुधवार, 22 जनवरी को हैदराबाद में निर्देशक के घर और कार्यालय पर छापा मारा।

रिपोर्ट्स के अनुसार, छापेमारी सुबह-सुबह शुरू हुई और कई घंटों तक जारी रही। कथित तौर पर सुकुमार हैदराबाद हवाई अड्डे पर थे, जब आयकर अधिकारियों द्वारा उन्हें उनके आवास पर वापस ले जाकर छापेमारी की। हालांकि, अभी तक उनके घर रेड पड़ने की वजह का खुलासा नहीं हुआ है।

बता दें, इससे एक दिन पहले फिल्म निर्माता दिल राजू के घर भी आयकर विभाग की रेड पड़ी थी। विभाग ने राजू के जुबली हिल्स और बंजारा हिल्स स्थित कार्यालयों और आवासों समेत कुल 8 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

# मुख्यमंत्री श्री शर्मा व विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने विधानसभा में किया नेवा सेवा केन्द्र का शुभारंभ

**दिव्य आधार. जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने सोमवार को विधानसभा में नेवा सेवा केन्द्र का फीता खोलकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली और राज्य सभा के सदस्य श्री मदन राठौड सहित विधायकगण भी मौजूद थे।

श्री देवनानी ने बताया कि नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के इस केन्द्र से विधान सभा को पेपरलैस बनाये जाने से संबंधित नेवा माडयूल्स का प्रशिक्षण और इससे संबंधित तकनीकी सहायता विधायकगण को उपलब्ध करवाई जायेगी। यह केन्द्र विधायकगण के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए भी ई-लर्निंग कम ई-फैसिलेशन सेन्टर के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की राज्य की विधान सभाओं को डिजिटल बनाये जाने के लिए नेवा एप्लीकेशन का संचालन राजस्थान विधानसभा में भी किया जा रहा है।



विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने बताया कि वन-नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के उपयोग से राजस्थान विधान सभा का सदन और विधानसभा सचिवालय भी लोकसभा तथा अन्य विधान सभाओं की तर्ज पर डिजिटल हो गये है। उन्होंने बताया कि इस ई-विधान एप्लीकेशन से राज्य विधान सभा के सदस्यों और राज्य के अधिकारियों के साथ-साथ मीडिया प्रतिनिधिगण, अनुसंधानकर्ता और आम नागरिकगण को विधान सभा से संबंधित विधेयक, रिपोर्टस, सदन के पटल पर रखे जाने वाले विधेयक, प्रश्न, बुलेटिन सहित अन्य कार्यवाही विवरण संबंधित सूचनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

राजस्थान विधानसभा को डिजिटल बनाये जाने वाली इस महत्वपूर्ण परियोजना की अध्यक्ष श्री देवनानी ने निरन्तर समीक्षा की है। श्री देवनानी के निरन्तर प्रयास और पहल से यह परियोजना सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के तीसरे सत्र से आरम्भ हो सकी है।

यह परियोजना केन्द्र व राज्य सरकार के क्रमशः 60 व 40 के अनुपात में वित्तीय सहायता से पूरी हुई है।

## पीएम सूर्य घर योजना में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 12 तकनीकी कार्मिकों को प्रोत्साहन चेक



**दिव्य आधार. जयपुर।** जयपुर विद्युत वितरण निगम ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तकनीकी कार्मिकों को प्रोत्साहित करने की अनूठी पहल की है। इसके अन्तर्गत रूफ टॉप सोलर लगाने का लक्ष्य अर्जित करने वाले जयपुर शहर के दोनों सर्किल तथा जयपुर जिला सर्किल (उत्तर) के 12 तकनीकी कार्मिकों को संबंधित अधीक्षण अभियंताओं के स्तर पर सम्मानित किया गया है। इन तकनीकी कार्मिकों को एक-एक हजार रूपए के चेक प्रदान किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा ने इस संबंध में नवाचार करते हुए योजना में रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन का लक्ष्य प्राप्त करने वाले तकनीकी कार्मिकों के लिए मासिक प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए थे।

## रेलवे बजट में राजस्थान को 9 हजार 960 करोड़ रु. आवंटित

**दिव्य आधार. जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का राजस्थान में रेल अवसंरचना के समग्र विकास के लिए वर्ष 2025-26 में 9 हजार 960 करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रेलवे बजट में आधुनिकीकरण, रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं जिससे यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

श्री शर्मा ने कहा कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान के लक्ष्य को साकार करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार प्रदेश में यातायात एवं परिवहन व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को सशक्त करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध -सहकारिता राज्य मंत्री

**दिव्य आधार. जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री श्री गौतम कुमार दक ने कहा कि नाबार्ड द्वारा राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक को 60 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त जारी किया गया है, राज्य सरकार इसके माध्यम से प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को सशक्त करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बारां जिले के 361 किसानों को एक लाख पचास हजार तक का ऋण उपलब्ध करवाकर लाभान्वित किया गया है। सहकारिता राज्यमंत्री सोमवार को प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक श्री ललित मीना के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक कोटा संभाग में 55 किसानों का 53.76 लाख रुपए का ऋण माफ किया गया है।

## वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर तहसील कार्यालय प्रतापगढ़ के नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा - राजस्व मंत्री

**दिव्य आधार. जयपुर।** राजस्व मंत्री श्री हेमंत मीणा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र थानागाजी में नवक्रमोन्नत तहसील प्रतापगढ़ के तहसील कार्यालय के नवीन भवन का निर्माण राज्य सरकार की नीति, प्रशासनिक आवश्यकताओं एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा।

राजस्व मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। श्री मीणा ने कहा कि तहसील कार्यालय प्रतापगढ़ को वर्तमान में राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय प्रतापगढ़ में संचालित किया जा रहा है तथा संस्कृत विद्यालय अन्यत्र स्थान पर संचालित है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यार्थियों को हो रही असुविधा को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा इस विद्यालय को बेहतर एवं सुरक्षित स्थान पर संचालित किया जाएगा।

## सदन में पेपरलैस प्रक्रिया के सुचारू संचालन में सहभागी बनें विधायकगण -विधानसभा अध्यक्ष

**दिव्य आधार. जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने सोमवार को सदन में पेपरलैस व्यवस्था में विधायकगण को सहभागी बनने का आग्रह करते हुए कहा कि आईपैड का सुचारू संचालन कर विधायकगण विधान सभा की पेपरलैस व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के लिए सदन में विधायकगण को तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए तकनीकी सहायक मौजूद है। विधायकगण आवश्यकता होने पर तकनीकी मदद सदन में ले सकते है।

श्री देवनानी ने कहा कि मुझे सदन के सदस्यों को एक जानकारी देनी है कि विधान सभा की कार्यवाही को पेपरलैस बनाने हेतु नेवा परियोजना लागू की गई है। इसके तहत सभी माननीय सदस्यों की सीटों पर आईपैड भी स्थापित किये गये हैं। सदन की गरिमा तथा उपकरणों की सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्देश है कि प्रत्येक माननीय सदस्य अपनी फेस आईडी से उपकरणों को लॉक नहीं करें तथा ना ही एपल आईडी उसमें प्रविष्ट करें। ऐसा करने से उपकरणों का विधान सभा सचिवालय द्वारा संधारण करना असुविधाजनक हो जायेगा।

## ऑक्शन माइंस को जल्द परिचालित करने के लिए राज्य सरकार गंभीर

**दिव्य आधार. जयपुर।** राज्य सरकार ऑक्शन खानों को जल्द से जल्द परिचालन में लाने को लेकर गंभीर है। ऑक्शन माइंस को पर्यावरण स्वीकृति के कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर कर जल्द से इसकी औपचारिकताएं पूरी करवाने के लिए सोमवार को स्टेट एन्वायरमेंट ईंपेक्ट एसेसमेंट कमेटी के चेयरमेन श्री मुनीश गर्ग और प्रमुख शासन सचिव, माइंस एवं पेट्रोलियम, श्री टी. रविकान्त के बीच पर्यावरण भवन में विस्तार से चर्चा हुई।

श्री टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य सरकार ऑक्शन माइंस को जल्द से जल्द क्रियाशील करने पर फोकस कर रही है और इसके लिए माइंसधारकों को सहयोग, मार्गदर्शन और समन्वय के लिए राज्य सरकार द्वारा पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल का गठन किया है।

श्री रविकान्त ने आग्रह किया कि पर्यावरण स्वीकृतियों के मेजर व माइनर मिनरल्स व बजरी सहित अन्य लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए सुनवाई सहित अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को तय समय सीमा में पूरा करवाया जाए ताकि ऑक्शन माइंस को पर्यावरण स्वीकृति जारी होने के बाद की अन्य औपचारिकताओं को भी पूरा कराकर उन खानों में खनन कार्य आरंभ करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे अवैध खनन गतिविधियां रुक सकेगी, वहीं खनन कार्य आरंभ होने से उत्पादन, निवेश, रोजगार और रेवेन्यू प्राप्त होने लगेगी।

स्टेट एन्वायरमेंट ईंपेक्ट एसेसमेंट कमेटी एसईआईएए के चेयरमेन श्री मुनीश गर्ग ने कहा कि पर्यावरण स्वीकृति के लिए प्राप्त प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए कमेटी गंभीर है। अब चार स्टेट लेबल एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी द्वारा आवश्यक कार्रवाई कर प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण स्वीकृति के कार्य में और अधिक तेजी लाने का विश्वास दिलाया।

## स्विस राजदूत ने की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात



**दिव्य आधार. जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से सोमवार को उप मुख्यमंत्री कार्यालय में स्विस राजदूत माया तिस्साफी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य सरकार एवं स्विस सरकार के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शॉर्ट टर्म स्किल डवलपमेंट कोर्स संचालित करने, एडवेंचर ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने में सहयोग करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही ट्रैफिक मैनेजमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट, सैनिटेशन आदि क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग पर भी दोनों के बीच में सकारात्मक चर्चा हुई।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान शुरू

**दिव्य आधार. जयपुर।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी श्री राजन विशाल ने सोमवार को पंत कृषि भवन में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पॉलिसियों का वितरण कर रबी 2024-25 की 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान श्री राजन विशाल ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की कृषक हितैशी नीतियों को मद्देनजर रखते हुए उनके निर्देश पर फसल बीमा योजना को और सरल बनाने व किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्रदान करने के लिए कृषि विभाग प्रयासरत है।

कृषकों को समय पर बीमा पॉलिसी की हार्ड कॉपी नही मिलने से खराबा होने पर फसल की जानकारी एवं किसानों को बीमा के प्रति जागरुक करने के लिए पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाकर पॉलिसियों का वितरण 15 मार्च तक किया जायेगा।

05 फरवरी से आयोजित किये जा रहे एग्रोस्टेक योजना के कैम्पों में भी कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा पॉलिसियों



का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो किसान इन शिविरों में पॉलिसी प्राप्त करने से वंचित रह जाते है, वे अपनी फसल बीमा पॉलिसी संबंधित कृषि पर्यवेक्षक से प्राप्त कर सकते हैं।

शासन सचिव ने कहा कि किसानों को ओलावृष्टि, चक्रवात और चक्रवाती वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान झेलना पड़ता है। इन आपदाओं से कृषकों को राहत प्रदान करने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वरदान साबित हो रही है।

# आपणी सड़कॉं..... अच्छी गुणवत्ता की सड़क निर्माण की सरल हिन्दी भाषा में मिलेंगी जानकारी- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया पुस्तिका का विमोचन

**दिव्य आधार. जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री कार्यालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण की जानकारी हेतु "आपणी सड़काँ....एक मात्र संकल्पः गुणवत्तापूर्ण निर्माण" शीर्षक से हिन्दी में तैयार की गई पुस्तिका का विमोचन किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा की उच्च गुणवत्ता की सड़क किसी भी देश/राज्य की अर्थव्यवस्था की धुरी है। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार का प्राथमिक लक्ष्य बेहतरीन सड़क नेटवर्क विकसित करने के साथ सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी है।

उन्होंने कहा कि सरल बोल-चाल की भाषा में तैयार की गई यह पुस्तक सड़क निर्माण से जुडे.अभियन्ताओं-सुपरवाईजरों एवं अन्य लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी और गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी।

मुख्य अभियंता (गुण नियंत्रण) जसवंत खत्री ने बताया कि काफी समय से प्रदेश में ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य से जुडे.विभागीय अभियंताओं, संवेदकों के



इंजीनियरों-सुपरवाईजरो, अभियांत्रिकी एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों द्वारा ऐसी पुस्तिका की आवश्यकता अनुभव की जा रही थी जिसमें ग्रामीण सड़कों के निर्माण से सम्बंधित अखिल भारतीय स्तर के मानकों, सरल निर्माण कार्य विधि एवं अन्य तकनीकी जानकारी सरल बोल-चाल की भाषा में एक साथ प्राप्त की जा सके।

उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी की क्वालिटी कन्ट्रोल सर्किल, बीकानेर के अधिक्षण अभियंता सुनील गहलोत एवं उनकी टीम द्वारा यह पुस्तिका तैयार की गई है।